HINDI -2 (Hons.) (2018)

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें :
   (क) विद्यापति के विरह-वर्णन का वैशिष्ट्य निरूपित करें।
   (ख) 'कबीर-वचनावली' करी 'परिचय' शीर्षक साखियों का भावार्थ लिखें।
   (ग) 'रामचरितमानस' के धनुष-यज्ञ-प्रसंग का काव्य-सौन्दर्य निरूपित करें।
   (घ) सूर के वात्सल्य-वर्णन की विशेषताएँ बतावें।
   (ङ) 'बिहारी की 'सतसई' हिन्दी-कविता-कामिनी की ललाट की बिन्दी है', इस कथन की परीक्षा करें

2. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करें :
   (क) विपत अपत तरु पाओल रे, पुन नव नव पात।
   विरहिनि-नयन बिहल विहि रे, अविरल बरिसात।
   (ख) जब मैं तथा तब गुरु नहीं, अब गुरु हैं हम नाहिं।
   प्रेम गली अति साँकरी तामैं दो न समाहि।।
   (ग) सुन्दरता कहुँ सुन्दर करई। छविगृह दीपसिखा जनुबरई।।
   सब उपमा कवि रहे जुठारी। केहि पटतरौं बिदेह कुमारी।।

3. निम्नांकित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखें :
   (क) प्रेम की पीर के कवि घनानन्द
   (ख) घनानन्द की काव्य-भाषा
   (ग) रहीम के दोहों में नीति-तत्व
   (घ) रसखान का काव्य-वैशिष्ट्य
   (ङ) रसखान की भक्ति-भावना
   (च) रहीम का व्यक्तित्व और कर्तृत्व

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें-
   (क) 'अति लुब्ध नगर-याचक' कहकर विद्यापति का उपहास किसने किया था ?
   (ख) 'रागतरंगिणी' के संकलयिता कौन थे ?
   (ग) विद्यापति के पुत्र का नाम क्या था ?
   (घ) 'कबीर वचनावली' का प्रकाशन कहाँ से हुआ था ?
   (ङ) स्वामी रामानन्द द्वारा प्रवर्तित सम्प्रदाय का नाम क्या है ?
   (च) वल्लभाचार्य जी से सूरदास की प्रथम भेंट कहाँ हुई थी ?
   (छ) सूरदास को 'पुष्टिमार्ग का जहाज' किसने कहा था ?
   (ज) 'कुमुदबंधु कर निंदक हाँसा' में 'कुमुदबंधु' का क्या अर्थ है ?
   (झ) 'गिरा अलिनि मुख पंकज रोकी' में कौन-सा अलंकार है ?
   (ञ) 'को घटि ये बृषभानुजा, वे हलधर के वीर' में कौन-सा अलंकार है ?

https://www.lnmuonline.com